तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 20 सितंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

10 पुराने धरनास्थल और मोवा में वेंडिंग जोन एजेंसी तय...



12 संडी में भगवान विश्वकर्मा व गणेश प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन



## खबर संक्षेप



### राज्य स्तरीय एथलेटिक्स में योगेश ने जीते तीन पदक

**बेमेतरा/बेरला।** छत्तीसगढ़ 21वीं राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में योगेश निषाद ने हेप्टाथलान गेम में तीन पदक अपने नाम किया है। प्रतियोगिता बहतराई एथलेटिक्स स्टेडियम बिलासपुर में छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ द्वारा 13 से 15 सितम्बर तक आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में प्रदेश भर के 1500 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में जिला बेमेतरा के ब्लॉक बेरला के अंतर्गत आने वाले ग्राम मनियारी के पुरूष वर्ग अंडर 18 में योगेश कुमार निषाद हेप्टाथलान गेम गोल फेंक, 110 मीटर हार्डल हाई जम्प लम्बी कूद, भाला फेंक 1000 मीटर, 200 मीटर दौड़ कांस्य पदक जीता। बेमेतरा जिला एथलेटिक्स संघ सचिव अरूण पाल ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। एथलेटिक्स टीम के कोच रूपेश कुमार यादव रहे।

### आयुष्मान पखवाड़ा आज से जिले में होंगे विविध कार्यक्रम

**बेमेतरा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण नई दिल्ली के निर्देशानुसार 20 सितंबर से पूरे छत्तीसगढ़ सहित बेमेतरा ज़िले में भी आयुष्मान पखवाड़ा मनाया जाएगा। यह पखवाड़ा 30 सितंबर तक चलेगा। पखवाड़े के दौरान शिविर लगाकर हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड पंजीयन किया जाएगा। आयुष्मान चौपाल के अंतर्गत सरपंच एवं अन्य जन-प्रतिनिधियों की सहायता से समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व मितानिनों को दोनों योजनाओं के संबंध में हितग्राहियों व सामान्य जनता में जागरूकता बढ़ाने के लिए बैठकों का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही आयुष्मान भारत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा । वहीं, आयुष्मान भारत सायकल व बाइक रैली निकालने के अलावा स्कूलों में निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।

### डेयरी पॉलीटेक्निक चोरभट्ठी में प्रवेश 29

**बेमेतरा।** पी.ई.टी. काउंसिलिंग एवं प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया के बाद डेयरी पॉलीटेक्निक, बेमेतरा में रिक्त कुछ सीटों पर 12वीं परीक्षा गणित या जीवविज्ञान विषय से उत्तीर्ण विद्यार्थियों को अंकों के आधार पर प्रवेश दिया जाना है। द्वितीय एवं अंतिम चरण में प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि 29 सितंबर 2024 नियत की गई है।
उल्लेखनीय है कि चोरभट्ठी बेमेतरा स्थित डेयरी पॉलीटेक्निक छ.ग. शासन एवं दाउ श्री वासुदेव चंद्राकर कामधेनू विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा स्थापित किया गया है जहां डेयरी टेक्नोलॉजी द्विवर्षीय (चार सेमेस्टर) डिप्लोमा पाठ्यक्रम संचालित है, ताकि जिले एवं अंचल के गणित या जीवविज्ञान विषय से 12वीं परीक्षा उत्तीर्ण विद्यार्थियों को रोजगार मूलक डेयरी टेक्नोलॉजी में डिप्लोमा की तकनीकी शिक्षा प्रदान की जा सके। प्रवेश हेतु इच्छुक विद्यार्थी चोरभट्ठी स्थित डेयरी पॉलीटेक्निक, महाविद्यालय से 29 सितंबर के पूर्व संपर्क कर सकते हैं।

### स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोइया संयुक्त संघ की बैठक 22 को

**बालोद।** छत्तीसगढ़ स्कूल मध्यान्ह भोजन रसोईया संयुक्त संघ द्वारा 22 सितंबर को जिले के ब्लाक बालोद, गुरूर, गुण्डरदेही, डौण्डी, डौण्डीलोहारा में एक साथ दोपहर 12 बजे सभी ब्लाक के स्थानीय जगहों पर बैठक का आयोजन किया गया है। जिला अध्यक्ष नुकेश कुमार सोनवानी व जिला सचिव द्वारिका प्रसाद देशमुख ने कहा कि सदस्यों से बैठक में उपस्थित होंगे।

# निर्माणाधीन प्लांटों का विरोध, किसानों ने निकाली बाइक रैली, मांगा समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

ग्राम सरदा, रांका और पथर्रा में निर्माणाधीन इथेनॉल प्लांट एवं स्पंज आयरन फैक्ट्री क्षेत्र के किसान एवं ग्रामीण चरणबद्ध विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। गुरुवार को सैकड़ों की संख्या में लोगों ने जिला मुख्यालय में बाइक रैली निकाली। इस दौरान पूरे शहर का भ्रमण किया और 23 सितंबर को प्रस्तावित ट्रैक्टर रैली एवं विधायक कार्यालय घेराव के लिए लोगों से समर्थन मांगा। इस दौरान किसानों ने बेमेतरा शहरवासियों के बीच अपनी बात रखते हुए प्रश्न किया, कि मई और जून के महीने में बेमेतरा शहर को भीषण पेयजल संकट का सामना करना पड़ता है। ऐसे में जब सरदा रांका और पथर्रा में निर्माणधीन इथेनॉल प्लांट एवं स्पंज आयरन फैक्ट्री के लिए करोड़ों लीटर पानी शिवनाथ नदी से लिया जाएगा और इसका वेस्टेज इसी नदी में प्रवाहित किया जाएगा, तब क्या बेमेतरा शहर को गर्मी के दिनों में भीषण पेयजल संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा? बेमेतरा शहर का व्यापार और व्यवसाय ग्रामीण किसान के कृषि उत्पादन पर आधारित है, यह प्रदूषण फैलाने वाले प्लांट जब खेती की जमीन को बंजर कर देंगे और कृषि उत्पादन प्रभावित होगा, तब बेमेतरा शहर का व्यापार और व्यवसाय कैसे इससे अछूता रह सकता है। उन्होंने कहा कि आज असामाजिक तत्व बेमेतरा ग्रामीण और शहर दोनों की संस्कृति और संस्कार को दूषित कर रहे हैं। अतः शहरवासियों से अनुरोध है कि वे 23 तारीख को किसानों द्वारा बुलाई गई ट्रैक्टर रैली का पूर्णतया समर्थन कर इसको सफल बनाएं।

## फैक्ट्री बंद कराने 23 को निकालेंगे ट्रैक्टर रैली

### उद्योगपति के स्वागत में रेड कार्पेट बिछाने का आरोप

किसानों ने आरोप लगाते हुए यह भी कहा कि शासन और प्रशासन उद्योगपति के लिए रेड कारपेट बिछाकर स्वागत में लगा हुआ है और आम जनता तथा किसान की आवाज को अनसुना कर रहा है। उन्होंने बताया कि संवेदनहीन शासन और प्रशासन को जगाने के लिए बेमेतरा में बृहद ट्रैक्टर रैली का आयोजन किया गया है।



### जहां रोकेंगे, वहीं करेंगे खाना-सोना

इसके साथ ही उन्होंने चेतावनी भी दी कि अगर प्रशासन ट्रैक्टर रैली को रोकने की कोशिश करेगा, तो किसानों को जिस स्थान पर रोका जाएगा, वहीं पर खाना पकाना करेंगे। उसी स्थान पर रुक जाएंगे और वहीं सो जाएंगे। उन्होंने कहा कि जब तक शासन प्रशासन किसानों की बात नहीं सुनेगा और इन प्रदूषित प्लांट पर ताला बंदी का निर्णय नहीं लेगा, तब तक किसान अपना आंदोलन करते रहेंगे। क्रमिक रूप से आंदोलन को तेज करने की रूपरेखा तय की जाएगी।

## स्कूली बच्चों के साथ, आम नागरिक, जनप्रतिनिधि व अधिकारी हुए शामिल

# स्वच्छता ही सेवा की थीम पर जागरूकता रैली साफ-सफाई का महत्व समझाया और दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तीसरे दिन बेमेतरा जिला मुख्यालय में गुरुवार एक साइकिल रैली का आयोजन किया गया। इस रैली की शुरुआत सुबह 8 बजे जयस्तंभ चौक से हुई और इसी स्थान पर आकर समाप्त हुई। रैली मुख्य मार्गों के अलावा चौक-चौराहों और बाजारों से होकर गुजरी, जिसके माध्यम से नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

विधायक बेमेतरा दीपेश साहू सहित कलेक्टर रणबीर शर्मा, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका विजय सिन्हा, पार्षद, जनप्रतिनिधिगण, स्कूल, एनसीसी के बच्चों व गणमान्य नागरिकों व अधिकारी-कर्मचारियों ने पूरे उत्साह व जोश के साथ स्वच्छता ही सेवा सायकल रैली में शामिल हुए। पुलिस अधीक्षक ने मंच साझा किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने कहा कि स्वच्छता समाज की बुनियादी जरूरत है, और हर व्यक्ति को अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ रखने में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है और यह न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है, बल्कि समाज के समग्र विकास के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस साइकिल रैली के माध्यम से सभी को यह संदेश दिया गया कि हमें अपने घरों और आस-पास के क्षेत्रों को स्वच्छ बनाए रखना चाहिए। उन्होंने उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।



**जिपं सीईओ ने दिखाई हरी झंडी:** मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल ने साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाई। यह रैली स्वच्छता के प्रति समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। प्रतिभागी साइकिल चलाते हुए लोगों को स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया और स्वच्छ भारत बनाने का का संकल्प दिलाया। रैली के दौरान नगर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर सफाई का संदेश प्रसारित किया किया गया, प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे स्वच्छता ही सेवा अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें।

### कलेक्टर ने दिया स्वच्छता पर जोर

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कहा कि 17 सितंबर से स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जो आगामी 2 अक्टूबर तक चलेगा। स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत ज़िले में विभिन्न गतिविधियाँ संचालित की जा रही हैं। तीसरे दिन साइकिल रैली आयोजित की गई। उन्होंने स्वच्छता की जरूरत पर बल दिया। उन्होंने कहा कि इस अभियान में सभी को बढ़चढ़ का हिस्सा लेना चाहिए। पुलिस अधीक्षक और पूर्व अध्यक्ष नगरपालिका विजय सिन्हा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। स्वच्छता को जीवन का हिस्सा बनाने की बात कही। जिससे लोगों में साफ-सफाई और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़े। कहा कि अपने आसपास के इलाकों को स्वच्छ रखने में योगदान दें।

# पुरानी रंजिश में युवक पर चाकू से वार, आरोपी हुआ गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

थाना साजा क्षेत्र अंतर्गत अमलीडीह गाँव में बीते बुधवार गणेश विसर्जन के दरम्यान पुरानी रंजिश को लेकर चाकूबाजी की घटना सामने आई। इसमें एक युवक गंभीर रूप घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। मिली जानकारी अनुसार अमलीडीह गाँव में दोपहर के वक़्त तालाब पार गणेश विसर्जन के दौरान

■ साजा थाना क्षेत्र के अमलीडीह गाँव में गणेश विसर्जन के दौरान हुई घटना

आरोपी गजेंद्र सागरवंशी ने पुरानी रंजिश के कारण गांव के विनोद सिंह राजपूत के ऊपर जान से मारने की नीयत से धारदार चाकू से पीठ पर प्राण घातक हमला कर गंभीर चोट पहुंचाकर घायल कर दिया। चाकू मारने की घटना से मौके पर अफरातफरी का माहौल हो गया। घायल युवक को फौरन इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत स्थिर है। चाकू बाजी की घटना की सूचना पुलिस को दी गई। साजा थाना प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा ने पुलिस अमले के साथ आरोपी युवक पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया।

प्रार्थी माखन सिंह उम्र 64 साल अमलीडीह की रिपोर्ट पर थाना साजा मे धारा 109 बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कारवाई में थाना साजा प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, सउनि बनवाली सोनकर, प्रधान आरक्षक विजय साहू, फागेश्वर देशमुख, विजेन्द्र सिंह, आरक्षक पीयुष सिंह, राममानुज जयसवाल, दीनदयाल डहरिया एवं अन्य स्टाफ शामिल रहे।

# आरोपियों व संदिग्धों की धरपकड़ के लिए बनाई गई विशेष टीम



**बेमेतरा।** ग्राम सरदा एवं बेमेतरा में बीते दिनों क्रांति सेना के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता तथा कांग्रेस व व्यापारियों के साथ हुए झगड़े के बाद जमकर बवाल मचा।

देर रात तक सिटी कोतवाली में सैकड़ों लोग डटे रहे। एसपी रामकृष्ण साहू ने जिला मुख्यालय में हुई इस घटना की गंभीरता से लिया है। इसके साथ ही आरोपियों और संदिग्धों की धरपकड़ के लिए विशेष टीम का गठन किया है। टीम को गुरुवार को रवाना किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक श्री साहू ने मामले में आरोपियों और संदिग्धों को पकड़ने के लिए जिले के एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों, सायबर टीम सात विशेष टीम गठित कर गिरफ्तारी का आदेश दिया है।

■ एसपी ने शहर व ग्राम सरदा में माहौल खराब करने वालों पर कार्रवाई के लिए कसी कमर

**टीम में ये शामिल** : एसपी ने मामले में आरोपियों और संदिग्धों को पकड़ने के एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल, डीएसपी राजेश कुमार झा, डीएसपी कमल नारायण शर्मा, डीएसपी कौशिल्या साहू एवं थाना/चौकी प्रभारियों, सायबर सेल सहित सात विशेष टीम गठित की है। उन्हें ग्राम सरदा एवं बेमेतरा में हुई घटना के प्रकरण में संलिप्त आरोपियों एवं संदिग्धों की पतातलाश कर पकड़ने टीम रवाना किया गया है।

# शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर रायपुर में महाआंदोलन कल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड-बीएड संघ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रवण साहू ने प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि पूरे प्रदेश में शिक्षकों की भारी कमी हैं वही दूसरी ओर लाखों युवा डीएड बीएड प्रशिक्षित होकर शिक्षक पात्रता परीक्षा में पात्रता प्राप्त कर अभी भी बेरोजगार हैं जिनके शिक्षक बनने का सपना साकार होना बाकी है।

■ प्रशिक्षित डीएड-बीएड संघ ने सभी सदस्यों से आंदोलन में शामिल होने का किया आह्वान

उन्होंने कहा कि शिक्षासत्र 2024-25 के अंतर्गत त्रैमासिक परीक्षा शुरू होने को है, लेकिन कई स्कूलों में अभी भी पर्याप्त शिक्षक नहीं हैं, जिसके कारण विद्यार्थियों को उचित शिक्षा नहीं मिल पा रही है, जो उन्हें मिलना चाहिए। हाल ही में प्रदेश के राजनांदगांव, बिलासपुर, बेमेतरा सहित कई जिलों में छात्र-छात्राओं द्वारा शिक्षकों की मांग पर प्रदर्शन किया, फिर भी सरकार द्वारा इस विषय में कोई भी पहल नहीं की जा रही।

उन्होंने कहा कि विधानसभा लोकसभा चुनावी समय में भाजपा के घोषणा पत्र में 57000 व 33000 शिक्षक भर्ती का उल्लेख तो है, लेकिन प्रदेश में भाजपा सरकार आने के बाद तत्कालीन शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल द्वारा विधानसभा में भी शिक्षक भर्ती की घोषणा की गयी थी लेकिन आज पर्यन्त तक जमीनीस्तर पर कोई भी पहल नजर नहीं आ रही है। सरकार की इन्ही उदासीनता के कारण ही प्रदेश के डीएड बीएड प्रशिक्षित युवा राजधानी में महाआंदोलन करने पर मजबूर हैं।छत्तीसगढ़ प्रशिक्षित डीएड बीएड संघ के बैनर तले 05 सितम्बर, शिक्षक दिवस के दिन प्रदेश के प्रत्येक जिले में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया था जिसमें सरकार को दस दिवसीय अल्टिमेटम दिया गया था लेकिन सरकार द्वारा कोई भी पहल नहीं किया गया अब 21 सितम्बर को डीएड बीएड संघ द्वारा शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर मुख्यमंत्री निवास का घेराव किया जायेगा। श्रवण साहू ने प्रदेश के समस्त डीएड-बीएड प्रशिक्षितों को आन्दोलन में सम्मिलित होने का आग्रह किया है। प्रदेश स्तरीय आंदोलन में बेमेतरा जिले से दीनबंधु साहू जिलाध्यक्ष, कैलाश साहू उपाध्यक्ष, सुखदेव उपाध्यक्ष, प्रदीप पाठक सचिव सहित सैकड़ों प्रशिक्षित युवा राजधानी पहुंचेंगे।

# अनुपस्थित शिक्षक पर गिरी निलंबन की गाज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिला शिक्षा अधिकारी और सहायक संचालक ने गुरुवार को नवागढ़ विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला छितापार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हेमन चतुर्वेदी, सहायक शिक्षक (एलबी) उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर कर शाला में अनुपस्थित पाये गये। इससे पहले पिछले माह 28 अगस्त को तहसीलदार, व तहसील नवागढ़ के द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान भी शिक्षक हेमन चतुर्वेदी, उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर कर शाला में अनुपस्थित थे। इस संबंध में स्कूल के प्रधानपाठक ने लिखित में जानकारी दी गयी है कि हेमन चतुर्वेदी, सहायक शिक्षक एल.बी. शाला आने के बाद शाला समय तक स्कूल में अपनी उपस्थिति नहीं देता है तथा बच्चों को पढ़ाई नहीं कराता है।

■ डीईओ ने प्राथमिक शाला छितापार में औचक निरीक्षण के दौरान की कार्रवाई



ज़िला शिक्षा अधिकारी ने शिक्षक के उक्त कृत्य को छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 03 के उपनियम (1) (2) (3) के विपरीत मानते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

निलंबन अवधि में हेमन चतुर्वेदी, सहायक शिक्षक (एल.बी.) का मुख्यालय कार्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी बेमेतरा निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी। वहीं, अध्यापन कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने पर शिक्षिका शशिकला ठाकुर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

### माता कौशल्या पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन 22 को

**जामगांव आर।** रामायण में माता कौशल्या की महती भूमिका की जीवंत चित्रण करते हुए डेढ़ घंटे का लघु फिल्म जामगांव आर की सांस्कृतिक आधार स्तंभ सेवानिवृत्त बीएसपी स्कूल व्याख्याता नारायण चंद्राकर मैत्री कुंज भिलाई द्वारा तैयार किया गया है। श्री चंद्राकर ने बताया कि इस संबंध में रायशुमारी प्रदर्शन जैन भवन जामगांव आर में 22 सितंबर रविवार को प्रबुद्ध वर्ग के समक्ष किया जाएगा।

## सर्वे सूची में नाम जुड़वाने या लाभ दिलाने का दावा करने वालों के झांसे में न आएं

# प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण हितग्राही रहें सतर्क

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार बेमेतरा जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत हितग्राहियों को आवास की स्वीकृति ग्राम सभा द्वारा पारित प्रस्ताव, भौतिक सत्यापन पश्चात किया जा रहा है।

स्थायी प्रतीक्षा सूची एवं पूर्व में किए गए सर्वे के आधार पर जो भी हितग्राही पात्र है। उसका नाम अंतिम रूप से फाइनल किया जा चुका है। इसमें किसी प्रकार का बदलाव किसी अधिकारी/कर्मचारी के द्वारा संभव नहीं है। फलस्वरूप यदि कोई अधिकारी/कर्मचारी या कोई व्यक्ति किसी का नाम जुड़वा देने का दावा करता है, तो वह झूठ बोल रहा है। जो पात्र है उसे आवास की स्वीकृति अपने आप मिल रही है। उनके खाते में भी राशि अपने आप आएगी।

जारी संदेश के अनुसार कोई भी हितग्राही किसी के भी झांसे में मत आएं। किसी के भी द्वारा आवास योजना में नाम जोड़ देने संबंधी या मोबाईल में कॉल के माध्यम से अनजान व्यक्ति का कॉल आता है तो उससे बात न करें तथा संबंधित की शिकायत तत्काल पुलिस थाने में करे या जिला पंचायत के दूरभाष नं. 07824-222609 में कार्यालयीन में समय में करें।

### ठगों से रहें सावधान, किसी भी अनजान लिंक को क्लिक न करें

जारी संदेश में कहा गया है कि कोई भी लिंक किसी अनजान नं. से शेयर होता है तो इसे टच न करें, क्लिक न करें। अन्यथा आपके एकाउन्ट का पूरा पैसा खाली हो सकता है। आगे भी जिन लोगों का नाम सूची में छूटा हुआ है और पात्र हैं ऐसे लोगों का नाम पृथक से सर्वे टीम द्वारा आगे जोड़ा जाएगा। अभी ऐसे लोगों का नाम जोड़ा जाना तत्काल में संभव नहीं है। इसी प्रकार आवास मित्र का चयन पारदर्शी तरीके से किया जा रहा है। पूरा चयन अंको एवं अनुभव इत्यादि के आधार पर होगा। किसी भी व्यक्ति के हाथ में एक अंक भी नहीं है। पूरा चयन मेरिट के आधार पर होगा। आवेदक किसी भी प्रकार के झूठे लोगो के प्रभाव में न आएं। दस्तावेजो की कमी के कारण जो लोग अपात्र हुए है। निर्धारित तिथि तक वह दस्तावेज जमा करने पर अपने आप सभी पात्र हो जाएंगे ।




पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

# अंक बढ़े, फिर भी बी ग्रेड पर अटका महंत कॉलेज, दुर्गा महाविद्यालय में इस साल आएगी नैक टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

महंत महाविद्यालय को तमाम प्रयासों के बाद इस बार भी बी ग्रेड ही हासिल हो सका है।

- 2018 में मिले थे 2.06 अंक, इस बार मिले 2.49 नंबर

महाविद्यालय ने पिछली बार 2018 में नैक ग्रेडिंग करवाई थी, उस वक्त भी कॉलेज को बी ग्रेड ही हासिल हो सका था। 2018 में नैक ग्रेडिंग के दौरान कॉलेज को 5 में से 2.06 अंक मिले थे। इस बार 2.49 अंक मिले हैं। यदि इसमें थोड़ी वृद्धि हो जाती तो महाविद्यालय को बी प्लस ग्रेड हासिल हो जाता। रिपोर्ट के अनुसार इंफ्रास्ट्रक्चर, प्ले ग्राउंड और रिसर्च क्षेत्र में कमी के कारण ग्रेडिंग में वृद्धि के लिए पर्याप्त अंक नहीं मिल सके हैं।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.देवाशीष मुखर्जी ने कहा कि उनके द्वारा पूरी कोशिश की गई थी कि महाविद्यालय का ग्रेड बढ़ सके। नैक टीम द्वारा जो कमियां गिनाई गई हैं, उन्हें दूर करने की कोशिश की जाएगी ताकि अगले बार अच्छी ग्रेडिंग मिल सके। महंत कॉलेज के अलावा मौजूदा सत्र में दुर्गा महाविद्यालय सहित रविवि से संबद्ध कई कॉलेजों में नैक ग्रेडिंग होनी है। इसके लिए भी महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा तैयारी प्रारंभ कर दी गई हैं।

### माह के शुरुआती हफ्ते में नैक टीम ने किया था महाविद्यालय का दौरा




#### नियम बदलने की तैयारी

अंदरूनी सूत्रों के अनुसार, नैक ग्रेडिंग के नियम बदले जाने की तैयारी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति आने के बाद कई तरह के बदलाव हुए हैं। नैक द्वारा अंक आबंटन क्रायटेरिया सहित कई अन्य नियम बदले जा रहे हैं। 15 अक्टूबर के बाद नई नैक ग्रेडिंग पॉलिसी लागू होगी। उसके पूर्व इससे जुड़े नियमों को अंतिम रूप देते हुए इन्हें सार्वजनिक कर दिया जाएगा।

#### पीएचडी और एनसीटीई लेटर के कारण फंसा पेंच

कॉलेजों को नैक टीम को पहले एसएसआर अर्थात सेल्फ असेसमेंट रिपोर्ट भेजनी पड़ती है। इसके बाद ही नैक टीम आती है। दुर्गा महाविद्यालय द्वारा भेजी गई एसएसआर में में पीएचडी सीटों का जिक्र किया गया था। नियमतः पीएचडी सीटों का जिक्र नहीं किया जाता है, क्योंकि यह प्राध्यापकों की उपलब्धता पर निर्भर करती है। इसके अलावा दुर्गा महाविद्यालय में बीएड पाठ्यक्रम का संचालन होता है। इसके लिए नेशनल काउंसिल फॉर टीचर्स एजूकेशन के सर्टिफिकेट की आवश्यकता होती है। इसका लेटर भी अटैच नहीं होने के कारण तकनीकी त्रुटि आ रही थी। अब रिपोर्ट भरी जा चुकी है। ऐसे में उम्मीद है कि एक-दो माह के अंतराल में दुर्गा महाविद्यालय को नई ग्रेडिंग मिल जाएगी।

## खबर संक्षेप



### नाली का गंदा पानी सड़क पर बहने से ग्रामवासी परेशान

**रायपुर।** ग्राम धनेली बोरियाकला में नाली का गंदा पानी बारहों महीने सड़कों पर बहने के कारण राहगीरों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने इसकी शिकायत कई बार विभागीय अधिकारियों से की है, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई, इसे लेकर लोगों में नाराजगी है। इस संबंध में ग्रामवासियों ने बताया कि यह मार्ग सेजबहार से बोरियाकला होकर पुरानी धमतरी और नई धमतरी रोड को जोड़ता है। प्रतिदिन सैकड़ों वाहन गुजरते हैं। सड़क संकरी और बीच में 60 डिग्री की टर्निंग है। ऊपर से गंदे पानी से भरी सड़क से ग्रामवासी परेशान हो रहे हैं। साथ ही रावतपुरा यूनिवर्सिटी का कैंपस यहीं से लगा हुआ है, जहां से कई छात्र और शिक्षाविद भी गुजरते हैं।

### जिंदगी ना मिलेगी दोबारा ने अनूठे ढंग से मनाया अपना आठवां स्थापना दिवस



**रायपुर।** जिंदगी ना मिलेगी दोबारा सेवा संस्था ने सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में अपना आठवां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया। इस पूरे आयोजन का मुख्य आकर्षण बढ़ते कदम वृद्धाश्रम के बुजुर्गों, अर्पण दिव्यांग स्कूल के बच्चों तथा घरौंदा दिव्यांग आश्रय स्थल के मानसिक दिव्यांग बच्चों एवं संस्था के सदस्यों व अन्य आमंत्रित कलाकारों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम रहा। इसी दौरान कृषि विश्वविद्यालय के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. जीएल शर्मा को कृषि रत्न सम्मान दिया गया। इस मौके पर संस्था की अध्यक्ष सुषमा तिवारी ने बताया कि जिंदगी ना मिलेगी दोबारा सेवा संस्था ने अपना आठवां स्थापना दिवस अनूठे ढंग से मनाया। इस आयोजन में आज शहर के ऐसे दानदाता परिवार सम्मानित हुए, लोक कल्याण के लिए उनकी पार्थिव देह को दान किया है। इस अवसर पर पूर्व मंत्री व सांसद बृजमोहन अग्रवाल, शालिनी राजपूत, आनंद सिंघानिया, अजय मधुकर काले, संजीव गुप्ता, अमृतांशु शुक्ला, ममता शर्मा, अजय शर्मा, सुषमा तिवारी, ममता शर्मा, लता साहू एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। दूसरों को रोशनी देने परिवार के दिवंगत सदस्य का नेत्रदान किया है। साथ ही ऐसे व्यक्ति, जिन्होंने 50 से अधिक बार स्वयं रक्तदान किया है। शहर की ऐसी सामाजिक संस्थाओं व विशिष्टजनों का भी सम्मान किया गया।

### गणेश प्रतिमा विसर्जन के बाद गिरा यात्री प्रतीक्षालय का शेड

**रायपुर।** गुढ़ियारी के पहाड़ी चौक में बड़ा हादसा टल गया। चौक पर बनाए गए यात्री प्रतीक्षालय का शेड ही गिर गया, सौभाग्यवश यह हादसा उस वक्त नहीं हुआ, जब लोगों की वहां भीड़ होती है। प्रतीक्षालय के नीचे गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई थी, जिसका विसर्जन बुधवार को ही किया गया था। सूत्रों का कहना है कि यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कुछ समय पहले हुआ था और उसका अब तक उद्घाटन भी नहीं किया गया था। गिरा शेड चौक पर रखे ट्रैफिक बैरिकेड के सहारे लटक गया, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था।

## 5 साल तक मेंटेनेंस करेगी अनुबंधित एजेंसी

# पुराने धरनास्थल और मोवा में वेंडिंग जोन एजेंसी तय, किराए पर देंगे स्मार्ट कॉर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

राजधानी में सड़कों पर ठेले-गुमटियों में कारोबार करने और फेरी लगाने वाले छोटे व्यापारियों के लिए नगर निगम ने 12 स्थानों पर वेंडिंग जोन बनाने का निर्णय लिया है। इनमें से 2 स्थान बूढ़ापारा में पुराने धरनास्थल और मोवा इलाके में पाम ब्लाजियो के सामने जब्बार नाला के पास वेंडिंग जोन बनाने के लिए टेंडर के बाद एजेंसी तय कर ली गई है। राघव एसोसिएट्स द्वारा इन दोनों स्थानों पर वेंडिंग जोन विकसित किया जाएगा। इसके लिए एजेंसी को 3 माह का समय दिया गया है। अनुबंधित एजेंसी 5 साल तक इसका मेंटेनेंस शर्त के मुताबिक करेगी। इसके एवज में नगर निगम से उसे स्पॉट पर विज्ञापन बोर्ड डिस्प्ले करने का अधिकार मिलेगा।

शहरी आजीविका मिशन की प्रभारी अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही ने बताया, बूढ़ातालाब के सामने स्थित पुराने धरनास्थल की जगह पर बनाए जाने वाले वेंडिंग जोन में 12 वेंडरों को सुरक्षित रूप से आजीविका चलाने स्मार्ट वेंडिंग कॉर्ट पंजीकृत वेंडरों को किराए पर दिए जाएंगे। किराया दर टाउन वेंडिंग कमेटी तय करेगी। वेंडिंग कॉर्ट पर प्रति कॉर्ट 1 लाख रुपए का खर्च अनुमानित है। इसी तरह जब्बार नाला के पास बनाए जा रहे वेंडिंग जोन में 20 पंजीकृत वेंडरों को शिफ्ट किया जाएगा।

#### किराए पर देंगे वेंडिग कॉर्ट

शहर में वेंडरों को सुव्यवस्थित तरीके से कारोबार करने नगर निगम द्वारा वेंडिंग जोन विकसित कर दिया जाएगा। चिन्हांकित जगहों पर पंजीकृत वेंडरो को 10 बाई 10 वर्गफीट आकार का वेंडिंग कॉर्ट किराए पर दिया जाएगा। जबकि इसका मालिकाना नगर निगम का रहेगा। नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा के मुताबिक, बाकी 10 स्थानों पर वेंडिंग जोन विकसित करने स्थल निरीक्षण कर निविदा बुलाई जाएगी।

### धरनास्थल की जगह पर दर्जनभर और जब्बार नाला के पास 20 वेंडरों को मिलेंगे स्मार्ट कॉर्ट




फाइल फोटो

- राघव एसोसिएट्स को वेंडिंग जोन बनाने 3 माह का समय

#### वेंडिंग जोन के लिए निविदा की तैयारी

टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक में स्वीकृत अन्य बाकी स्थानों के लिए जोन स्तर पर स्थल परीक्षण का काम किया जा रहा है। चिन्हांकित स्थलों पर वेंडिंग जोन विकसित करने निविदा जल्द बुलाई जाएगी।

#### 7 हजार से अधिक वेंडर चिन्हांकित

नगर निगम द्वारा डेढ़ वर्ष पूर्व शहरभर में कराए गए वेंडर सर्वे के अनुसार करीबन 7 हजार से अधिक वेंडरों को चिन्हांकित किया गया है। सभी को वेंडिंग जोन विकसित कर नगर निगम कारोबार के लिए जगह उपलब्ध कराई जाएगी। कॉर्ट में बिजली के लिए सोलर पैनल लगाए जाएंगे। वेंडिंग जोन में पेवर ब्लॉक और बैठक व्यवस्था निगम द्वारा की जाएगी।

#### नए वेंडिंग जोन के लिए चिन्हांकित स्थल

- जोन-5 के सुलभ शौचालय के पास डगनिया
- डगनिया से सीएसईबी पार्ट 1
- तरूण तालाब से जीएसआई मार्ग
- लाखेनगर से सारथी चौक तक सड़क की बायीं ओर
- त्रिमूर्ति मंदिर चौक मठपुरैना से भाठागांव आटो स्टैंड के पास जलगृह मार्ग
- माध्यमिक शिक्षा मंडल की बाउंड्री से लगकर टैगोर नगर मार्ग
- विसर्जन कुंड के पास रायपुरा
- हीरापुर सब्जी बाजार के पास
- एक्सप्रेस-वे के नीचे तेलीबांधा
- एसएलआरएम सेंटर के पास माता कौशल्या विहार चौक
- बोरियाखुर्द पौनी पसारी
- हिमालयन हाइट्स के पास देवपुरी

# बोरगहन व रजोली में चला स्वच्छता अभियान



हरिभूमि न्यूज. बालोद/कलंगपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर 02 अक्टूबर तक मनाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम बोरगहन तथा रजोली में जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंत्योदय से आत्मनिर्भर भारत की दिव्य संकल्पना को साकार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी जैसा प्रधानमंत्री मिलना देशवासियों के लिए सौभाग्य की बात है, जिन्होंने वैश्विक स्तर पर भी भारत की साख मजबूत की है। उनकी मजबूत इच्छा शक्ति की बदौलत ही आज आत्म निर्भर भारत का सपना साकार होता नजर आ रहा है। उनके द्वारा स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की गई, जिसका उद्देश्य भारत को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना है, स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से, लोगों को अपने आस पास के माहौल को स्वच्छ और हरा–भरा बनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। यह न केवल देश को स्वच्छ बनाने में मदद करता है, बल्कि लोगों को स्वच्छता के महत्व को समझाने और उसे अपनाने के लिए प्रेरित भी करता है। इस दौरान संत चंद्राकर सरपंच मोपेंद्र साहू, ओमप्रकाश ठाकुर, सरपंच दयाराम सिन्हा, मिलन साहू, त्रयोदय, मुकेश, वागीश बघेल, गोविन्दा बघेल, भावेश बघेल सहित भाजपा कार्यकर्ताओं की उपस्थित थे।



# संघ की समन्वय बैठक में पहुंचे पांच मंत्री आयामों पर चर्चा कर तय किए गए लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की समन्वय बैठक रोहिणीपुरम शिक्षण संस्थान में हुई। बैठक में राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिव प्रकाश सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

- आगामी कार्यों को लेकर विस्तार से हुई चर्चा

आरएसएस की समन्वय बैठक में राज्य सरकार के मंत्रियों को दिए गए आयाम (दायित्व) के संबंध में चर्चा की गई। वहीं राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के आयामों के संबंध में अब तक किए गए कार्यों पर विस्तार से चर्चा कर लक्ष्य तय किया गया।

बैठक में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, पवन साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, वन मंत्री केदार कश्यप, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा में शामिल हुए। वहीं संघ के अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारियों ने इसमें भाग लिया। बैठक में आने वाले कार्यक्रमों और प्रदेश में संगठन के गतिविधियों को आगे बढ़ाने के संबंध में चर्चा कर रणनीति तैयार की गई। राज्य सरकार के 9 माह का कार्यकाल पूरा होने के बाद संघ के पदाधिकारी आगे की कार्ययोजना तैयार करने में लगे हुए हैं।

#### आगामी समय के लिए बनी रणनीति : शर्मा



बैठक को लेकर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि बहुत आगे की सोचकर बैठक हो रही है, इसमें कई मुद्दों पर चर्चा की गई। बहुत से कार्य विभाजन हुए हैं, सामाजिक कार्यों का विभाजन हुआ है, इन सब पर चर्चा की गई। बैठक में आगे के कार्यों की तैयारियों पर भी बात हुई।

# कांग्रेसियों ने फूंका केंद्रीय मंत्री बिट्टू और विधायक गायकवाड़ का पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- राहुल गांधी के खिलाफ टिप्पणी पर किया विरोध, कानूनी कार्रवाई की मांग

लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी के खिलाफ केंद्रीय रेल राज्यमंत्री रवनीत सिंह बिट्टू एवं शिवसेना के विधायक संजय गायकवाड़ के अमर्यादित बयान के विरोध में कांग्रेस ने प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में दोनों नेताओं का पुतला दहन कर विरोध जताया और दोनों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी सदन से लेकर सड़क तक मोदी सरकार की तानाशाही मनमानी गलत नीतियों का विरोध कर रहे हैं। विरोध के बाद मोदी सरकार को 100 दिन में कई बार यू-टर्न लेना पड़ा। और बीजेपी मोदी सरकार की संविधान विरोधी मंशा पर रोक लगी है। इससे बौखलाए भाजपा नेता और उनके गठबंधन शिवसेना के विधायक लगातार राहुल गांधी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी कर रहे हैं।

# नवरात्रि के पहले नियमित होगी अहमदाबाद रायपुर की उड़ान, सातों दिन होगा संचालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नवरात्रि के पहले छत्तीसगढ़ से गुजरात के बीच आवाजाही करने वाले हवाई यात्रियों को सातों दिन उड़ान की सुविधा मिलने लगेगी। घरेलू उड़ान का संचालन करने वाली इंडिगो ने एक अक्टूबर से अपनी फ्लाइट का संचालन नियमित करने की घोषणा की है। अभी इस फ्लाइट का संचालन सप्ताह में तीन दिन होता है। त्योहार के पहले एयरलाइंस कंपनियां अपनी उड़ानों में फेरबदल कर रही हैं। इनके द्वारा अच्छे ट्रैफिक की गुंजाइश पर नए सेक्टरों में विमानों का संचालन करने की घोषणा की जा रही है। कई शहरों के फेरे बढ़ाए जा रहे हैं, तो कई में उड़ानों की संख्या का विस्तार किया जा रहा है। रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से अहमदाबाद के लिए अभी सप्ताह में तीन दिन सोमवार, बुधवार और शुक्रवार को फ्लाइट का संचालन किया जाता है। इस सेक्टर में यात्री काफी अधिक होते हैं, जिसकी वजह से इस फ्लाइट को नियमित करने की सिफारिश ट्रैवल्स कारोबार से जुड़े लोगों द्वारा की जाती रही है। इंडिगो ने इसे हरी झंडी दिखाते हुए एक अक्टूबर से इसकी उड़ान नियमित करने की घोषणा की है। फ्लाइट अपने निर्धारित समय पर ही दोनों शहरों के बीच सातों दिन आवाजाही करेगी। शेड्यूल के अनुसार यह फ्लाइट अहमदाबाद से दोपहर 2.15 बजे उड़ान भरकर 4.05 बजे रायपुर पहुंचेगी। इसकी वापसी 4.40 बजे रायपुर से होकर 6.20 बजे अहमदाबाद में होगी।



- अभी सप्ताह में तीन दिन होती है आवाजाही

#### लाभ मिलेगा

अहमदाबाद के लिए सीधी फ्लाइट मिलने से छत्तीसगढ़- गुजरात के बीच सामाजिक, व्यापारिक संबंधों में और प्रगाढ़ता आएगी। छत्तीसगढ़ में काफी संख्या में गुजराती समाज के लोग रहते हैं।

- **कीर्ति व्यास,** संचालक, व्यास हॉलीड़ेज

#### हैदराबाद की तीसरी उड़ान इसी माह

इंडिगो हैदराबाद के लिए अपनी तीसरी उड़ान का संचालन करने वाली है। यह फ्लाइट 23 सितंबर से संचालित होगी, जिसकी घोषणा काफी समय पहले की जा चुकी है। हैदराबाद के लिए अभी नियमित रूप से दो फ्लाइट आवाजाही करती है, जिसमें काफी संख्या में यात्री रहते हैं। पैसेंजर की संख्या को ध्यान में रखते हुए कंपनी द्वारा एक फ्लाइट बढ़ाने की घोषणा की गई है। यह उड़ान हैदराबाद से दोपहर 2.20 प्रारंभ होकर 3.55 बजे रायपुर में समाप्त होगी। वहीं रायपुर से 4.20 बजे रवाना होकर फ्लाइट 5.50 बजे हैदराबाद में लैंड होगी।

# डॉयल 112 का ठेका बदला, पांच माह में नई कंपनी संभालेगी काम, तब तक पुराने को जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में पुलिस हेल्पलाइन डॉयल 112 सेवा चिकित्सा हेल्थकेयर (जेडएचएल) लिमिटेड संभालेगी। इस संबंध में कंपनी के सीईओ नरेश जैन ने प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि सेवा शुरू करने के पहले सिस्टम विकसित किया जा रहा है। इसमें पांच से छह महीने का समय लग सकता है। इसके बाद उनकी कंपनी यहां डॉयल 112 की सेवा शुरू करेगी। वर्तमान में पुरानी कंपनी एक्सटेंशन में डॉयल 112 सेवा संचालित कर रही है।

कंपनी के सीईओ नरेश जैन के मुताबिक, उनकी कंपनी वर्तमान में ओडिशा तथा उत्तरप्रदेश में एंबुलेंस सेवा प्रदान कर रही है। साथ ही कंपनी ने मध्यप्रदेश, राजस्थान सहित कई अन्य राज्यों में पूर्व में एंबुलेंस सेवा देने का दावा किया है। उनकी कंपनी को मैनेजमेंट टेंडर में टेक्नॉलाजी, क्वालिटी और कीमत के लिए सबसे ज्यादा पॉइंट्स मिले हैं। जेडएचएल राज्य में पिछले ढाई वर्षों से राज्य में हेल्थकेयर हेल्पलाइन (104) संचालित कर रहा है। उनकी कंपनी को इमर्जेंसी सर्विसेस के लिए कॉल सेंटर और कंट्रोल रूम के प्रबंधन में दो दशकों से अधिक का अनुभव है।

#### रिस्पांस टाइम 12 से 16 मिनट

कंपनी के सीईओ के मुताबिक, उनकी कंपनी डॉयल 112 में चार सौ वाहनों को शामिल करेगी। कॉल आने पर पहुंचने का रिस्पांस टाइम अधिकतम 12 से 16 मिनट रहेगा। साथ ही कॉल सेंटर को पहले से ज्यादा एडवांस बनाए जाने का दावा कंपनी के सीईओ ने किया है।




सीईओ ने टेंडर में सबसे ज्यादा पाइंट मिलने का दावा किया

#### झारखंड से फेक सर्टिफिकेट लेने का दावा

इधर, यह भी आरोप है कि टेंडर लेने के लिए जेडएचएल कंपनी ने झारखंड में सेवा देने का अनुभव प्रमाणपत्र जमा किया है। आरटीआई से निकाली गई जानकारी के मुताबिक, झारखंड सरकार ने कंपनी को किसी भी प्रकार से कोई प्रमाणपत्र जारी नहीं किया है। इसे लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में कंपनी के सीईओ नरेश जैन ने दावा किया है कि उनकी कंपनी ने झारखंड में छह साल सेवा प्रदान की है।

# स्वच्छता दीदियों ने बनाई रंगोली स्कूल में बच्चों ने की चित्रकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



रायपुर द्वारा निगम क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को जोन-2 क्षेत्र स्थित नमस्ते चौक देवेंद्र नगर में स्वच्छता दीदियों ने शहरवासियों को स्वच्छता का संदेश देते हुए सुंदर रंगोली बनाई।

रामनगर शासकीय गोकुलराम वर्मा प्राथमिक शाला, गुढ़ियारी कोटा और महोबा बाजार के स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए आयोजित चित्रकला स्पर्धा में बच्चों ने प्रकृति संरक्षण, साफ-सफाई की महत्ता को रंगबिरंगे चित्रों में बेहतर ढंग से चित्रित किया। रायपुर नगर निगम के विभिन्न जोन क्षेत्रों में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जा रहा है। स्कूली विद्यार्थियों के लिए इंटर स्कूल रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जोन-1 के तिलक नगर गुढ़ियारी क्षेत्र के स्कूल में रंगोली एवं चित्रकला स्पर्धा में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। स्वच्छता को लेकर बालमन में उठे विचारों को रंगों के माध्यम से प्रतिभागियों ने सुंदर चित्रकारी का रूप दिया। इस मौके पर स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं समेत जोन कमिश्नर हितेंद्र यादव, कार्यपालन अभियंता गजाराम कंवर, सहायक अभियंता सैय्यद जोहेब, जोन स्वास्थ्य अधिकारी खेमलाल देवांगन उपस्थित रहे।

# अचानकमार में बढ़ा बाघों का कुनबा, सफारी से छोड़ी गई बाघिन ने दिया दो शावकों को जन्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अचानकमार टाइगर रिजर्व में बाघों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। बाघों की गणना के समय एटीआर में छह से सात बाघ होने की रिपोर्ट आई थी, जिसकी संख्या बढ़कर अब एक दर्जन हो गई है। पिछले वर्ष सूरजपुर से घायल अवस्था में रेस्क्यू कर लाई गई बाघिन का जंगल सफारी में उपचार करने के बाद उसे एटीआर में छोड़ दिया गया था, अब उसके द्वारा दो शावकों का जन्म देने की बात कही जा रही है। गौरतलब है कि एटीआर में बाघों की संख्या बढ़ाने एक बाघ तथा दो बाघिन लाने एनटीसीए ने पूर्व में अनुमति प्रदान की है। एनटीसीए ने जब अनुमति दी थी, तब एटीआर में बाघों की संख्या कम थी। वर्तमान में बाघों की संख्या में वृद्धि होने के बाद अफसर पड़ोसी राज्य से बाघ लाने को लेकर नए सिरे से विचार कर रहे हैं। पीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर एटीआर के डिप्टी डायरेक्टर यूआर गणेश ने एटीआर में बाघ लाने एक्सपर्ट से विचार करने की बात कही।



विभाग के अफसरों ने नहीं की अधिकृत पुष्टि, बाघों का कुनबा बढ़कर 12 तक पहुंचा

एक्सपर्ट से चर्चा के बाद नवंबर में एक नर तथा दो मादा बाघिन की तलाश करने कान्हा जाएंगे

## अक्टूबर-नवंबर में जाएगी टीम

एटीआर के डिप्टी डायरेक्टर के अनुसार, एक्सपर्ट से चर्चा कर उनसे सुझाव मिलने के बाद अगले महीने या फिर नवंबर में एक अध्ययन दल बाघ लाने महाराष्ट्र के साथ मध्यप्रदेश के टाइगर रिजर्व जाएगा। इसके बाद बाघ लाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाएंगे।

## यहां रह सकते हैं दो दर्जन बाघ

गौरतलब है कि अचानकमार टाइगर रिजर्व में कई गांवों को अभी शिफ्ट करना बाकी है। एटीआर का क्षेत्रफल साढ़े पांच सौ किलोमीटर के करीब है। एटीआर से सटे भोरमदेव तथा मध्यप्रदेश के टाइगर रिजर्व के जंगल टाइगर का एक बड़ा कॉरिडोर हैं। इस लिहाज से टाइगर का कॉरिडोर नौ सौ किलोमीटर के करीब है। इस स्थिति में जानकार एटीआर में 20 से 25 टाइगर के रह सकने की बात कह रहे हैं। बाघों की संख्या ज्यादा होने पर उनके बीच द्वंद्व की स्थिति निर्मित हो सकती है।

## फुट प्रिंट मिलने के बाद होगी अधिकृत पुष्टि

सूरजपुर से रेस्क्यू घायल मादा बाघ के जंगल सफारी में उपचार कर एटीआर में पिछले वर्ष अप्रैल में छोड़ा गया था। उसी मादा बाघ के द्वारा दो शावकों को जन्म देने की बात सामने आई है। अफसरों ने अभी तक इसकी अधिकृत पुष्टि नहीं की है। अफसरों के अनुसार, मादा बाघ के साथ शावकों के फुट प्रिंट मिलने के बाद ही इसकी पुष्टि कर सकेंगे। ट्रैप कैमरे में एक जगह मादा बाघ के साथ दो शावकों के फूटेज मिले हैं, अफसर इसकी पुष्टि कर रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### कैंसर रिसर्च अस्पताल तक नई नाली निर्माण की मांग

**रायपुर।** श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईंनगर जोरा के पूर्व अध्यक्ष डॉ. देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने नालीविहीन पंजाब केसरी रोड जोरा क्षेत्र में बालाजी कैंसर रिसर्च अस्पताल तक नई नाली निर्माण कराने की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है। डॉ. सूर्यवंशी ने बताया कि साईंनगर जोरा की सीमा से सटे हुए पंजाब केसरी रोड पर नवनिर्मित बालाजी कैंसर रिसर्च अस्पताल तक पक्की सड़क तो शासन स्तर से बना दी गई थी, लेकिन अफसोस है कि आज तक इस रोड के दोनों तरफ नालियों का निर्माण नहीं कराया गया है। इसका विपरीत असर 200 घरों के आसपास के साईंनगर की आबादी पर सीधे-सीधे पड़ रहा है। इसके अलावा दूसरी तरफ की बड़ी आबादी वाली प्रोफेसर कॉलोनी तक भी वर्षा ऋतु में बेहद विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसी के चलते लभांडी गांव तक भी डायरिया बुरी तरह से फैल गया था, क्योंकि लंबे-लंबे समय तक दलदल जैसा जलभराव आसपास की कॉलोनी में फैल जाता है।

### विधानसभा उपचुनाव, कांग्रेस ने बनाई संचालन समिति

**रायपुर।** रायपुर दक्षिण विधानसभा उपचुनाव की तैयारी कांग्रेस ने तेज कर दी है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने चुनाव संचालन समिति का गठन किया है। इस समिति में वरिष्ठ नेताओं को जिम्मेदारी दी गई है। समिति में पूर्व मंत्री एवं पूर्व कार्यकारी पीसीसी अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, पूर्व मंत्री एवं पूर्व पीसीसी अध्यक्ष धनेंद्र साहू, पूर्व मंत्री रविंद्र चौबे, पूर्व मंत्री एवं पूर्व पीसीसी अध्यक्ष मोहन मरकाम, पूर्व मंत्री एवं पूर्व पीसीसी कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. शिवकुमार डहरिया, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा, प्रदेश प्रतिनिधि रुचिर गर्ग, ग्रामीण जिला अध्यक्ष उधोराम वर्मा को शामिल किया गया है। कांग्रेस ने चुनाव से पूर्व विधानसभा के सभी 19 वार्डों में बूथ लेवल कमेटियों को सक्रिय करने प्रभारी की नियुक्ति की है। प्रभारियों द्वारा सभी बूथ कमेटियों की बैठक ली जा चुकी है।

### रामकृष्ण हॉस्पिटल में 22 को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**रायपुर।** सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई एवं रामकृष्ण हॉस्पिटल की ओर से निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 22 सितंबर को किया जा रहा है। इस शिविर में कंप्लीट ब्लड काउंट, शुगर टेस्ट, बीपी टेरर, ईसीजी, टीएसएच टेस्ट, लिपिड प्रोफाइल, बीएमआई, यूरिक एसिड समेत खानपान पर परामर्श रखा गया है। इस संबंध में सिंधी काउंसिल इकाई के अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया कि इस शिविर में 20 डॉक्टर अपनी निशुल्क सेवा देंगे, इनमें डॉ. संदीव दवे, डॉ. जावेद अली खान, डॉ. विनोद आहूजा, डॉ. साकेत अग्रवाल, डॉ. पंकज धाबलिया, डॉ. पवन जैन आदि अपनी सेवा देंगे।

### गणेश झांकी अवार्ड स्पर्धा विजेता को मिलेंगे 31000

**रायपुर।** सदर बाजार स्थित अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स द्वारा 'गणेश झांकी अवार्ड' का आयोजन किया जा रहा है। 19 सितंबर को आयोजन झांकी समारोह एटी पैलेस में किया जाना है। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली झांकियों को स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक से सम्मानित किया जाएगा। गणपति झांकी पुरस्कार में प्रथम विजेता को 31000 हजार, द्वितीय विजेता को 21000 हजार व तृतीय विजेता को 11000 हजार रुपए व पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

## बैज बोले- सरकार अपनी विफलताओं पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही

# देवेंद्र से जेल में मिले पटवारी, कहा- भाजपा की तानाशाही के सामने हम कभी नहीं झुकेंगे



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बलौदाबाजार हिंसा मामले में जेल में बंद कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव से मुलाकात करने एमपी कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी पहुंचे। रायपुर सेंट्रल जेल में श्री पटवारी ने देवेंद्र से मुलाकात की। उन्होंने इस दौरान कहा, भाजपा सरकार लोकतंत्र की आवाज को कुचलने के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। उनके खिलाफ जो षड्यंत्र रचा गया है, वह सरकार की अपनी विफलताओं पर पर्दा डालने की एक कायराना कोशिश है। हम भाजपा की तानाशाही के सामने कभी नहीं झुकेंगे। पूरी कांग्रेस पार्टी देवेंद्र के साथ खड़ी है।

### बैज भी रहे साथ

जीतू पटवारी की देवेंद्र यादव से मुलाकात के दौरान छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज भी साथ थे। बता दें कि बलौदाबाजार हिंसा केस में पुलिस ने श्री यादव को अगस्त महीने में गिरफ्तार किया था। वे एक महीने से जेल में बंद हैं। उन्होंने श्री यादव से मुलाकात के बाद प्रदेश के कई शीर्ष नेताओं से भेंट कर चर्चा की।

### क्या कहा जीतू पटवारी ने

देवेंद्र यादव से मुलाकात के बाद जीतू पटवारी ने कहा, पिछले साल 2023 में जिस भावना से जनता ने भाजपा को चुना था, मैं मानता हूं कि उसकी एक भी भावना का सम्मान नहीं किया गया है। देवेंद्र के मामले में सरकार ने तानाशाही रवैया अपनाया है। वहीं राहुल गांधी पर विवादित टिप्पणी को लेकर जीतू पटवारी ने कहा, जिस तरह की भाषा का उपयोग हमारे नेता राहुल गांधी के खिलाफ किया जा रहा है। कोई कहता है सिर काट दूंगा, यह सब पीएम मोदी के इशारे पर हो रहा है। राहुल गांधी को लेकर जिस तरह से वक्तव्य आए हैं, भाजपा के नेता और भाजपा लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से उनकी छवि को खराब करने का काम कर रहे हैं। मध्यप्रदेश में 500 थानों में गिरफ्तारी के लिए आवेदन दिए हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

**भाजपा की मातृ संस्था में नहीं होते चुनाव :** एक देश-एक चुनाव को लेकर जीतू पटवारी ने कहा, भाजपा और उनकी विचारधारा कभी लोकतंत्र को नहीं अपनाती, इसका कारण यह है कि उनकी अपनी मातृ संस्था में कभी चुनाव नहीं होते। वन नेशन, वन इलेक्शन पर हमारी पार्टी का जो भी बयान होगा, वही हमारा भी बयान होगा।

## अपराधियों को संरक्षण से कानून व्यवस्था बदतर, इस्तीफा दें गृहमंत्री

### प्रशांत साहू की जेल में मौत पुलिस प्रताड़ना की वजह से : डॉ. महंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने प्रदेश में कानून व्यवस्था की हालत बदतर होने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार से कानून व्यवस्था संभल नहीं रही है। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के गृह जिले कबीरधाम की हालत ये है कि वहां खुलेआम खून की होली खेली जा रही है। अपराधियों को संरक्षण देने की वजह से पुलिस पर भारी दबाव है तथा आम लोगों में दहशत का माहौल है।



रेंगाखार थाने में गिरफ्तार 27 साल के युवा प्रशांत साहू की मौत, थाने में अत्यधिक मारपीट एवं प्रताड़ना के वजह से हुई है। घटना में रेंगाखार थानेदार एवं शामिल अन्य सिपाहियों पर हत्या का मामला दर्ज कर गिरफ्तार एवं तत्काल निलंबित किया जाए। नेता प्रतिपक्ष डॉ. महंत ने कहा, प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही अपराधियों के हौसले बुलंद हो गए हैं। सरकार के संरक्षण के चलते प्रदेशभर में जघन्य अपराध हो रहे हैं। कबीरधाम जिले के लोहारीडीह में हुई वारदात छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था की स्थिति की कहानी कह रही है। रेंगाखार क्षेत्र के ग्राम लोहारीडीह के युवक शिवप्रसाद साहू की संदिग्ध मौत से ग्रामवासियों में जो आक्रोश पनपा, उसके लिए कबीरधाम जिले का पुलिस प्रशासन जिम्मेदार है। शिवप्रसाद के परिवार को भाजपा से जुड़े लोग परेशान कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने कोई भी कार्रवाई नहीं की। कबीरधाम जिला पुलिस प्रशासन प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा से पूछे बगैर साधारण मामले में एफआईआर तक नहीं करता है।

### शिवप्रसाद की मौत प्रथम दृष्टया हत्या

नेता प्रतिपक्ष ने कहा, ग्राम लोहारीडीह के युवक शिवप्रसाद साहू साहू समाज के मंडल अध्यक्ष थे। उनकी लाश जंगल में पेड़ पर लटकती मिलना प्रथम दृष्टया हत्या का मामला होना स्पष्ट होता है। यह जंगल मप्र के बालाघाट जिले में है। कबीरधाम जिला पुलिस शिवप्रसाद की मौत को आत्महत्या बताने में लगी है।

### निर्दोष ग्रामीणों को बनाया आरोपी

श्री महंत ने कहा, वारदात में जो लोग शामिल हैं, उन पर जरूर कार्रवाई होनी चाहिए। निर्दोष ग्रामीणों पर अलग-अलग धारा लगाई गई है। लोहारीडीह के कई घरों का आलम ये है कि मां-बाप को पुलिस पकड़कर ले गई है तथा घर में सिर्फ बच्चे ही बचे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मांग की है कि वे तत्काल गृहमंत्री विजय शर्मा से इस्तीफा लें, यदि वे इस्तीफा नहीं देते हैं तो गृहमंत्री को बर्खास्त करें।

## वन नेशन वन इलेक्शन पर सियासत भाजपा ने किया स्वागत, कांग्रेस बोली- संविधान के अंतर्गत संभव नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

वन नेशन वन इलेक्शन बिल के प्रस्ताव को मोदी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में बनाई गई कमेटी द्वारा दी गई रिपोर्ट को केंद्रीय कैबिनेट ने मंजूरी दी है। इस मामले में सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस नेताओं का कहना है, संविधान के अंतर्गत यह संभव नहीं है। वहीं भाजपा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, इससे देश का विकास तेजी से होगा। देश में एक साथ चुनाव हो सकेंगे। आचार संहिता के कारण विकास कार्य अटकते हैं। कांग्रेस पिछले 77 सालों में देश का विकास नहीं चाहती थी। एक देश एक चुनाव का मसला लंबे समय से टलता रहा है। पीएम मोदी का यह निर्णय स्वागतयोग्य है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, भाजपा वन नेशन वन इलेक्शन का राग अलाप कर जनता को मूल मुद्दों से भटकाने का षड्यंत्र कर रही है। वन नेशन वन इलेक्शन भारत के संविधान और लोकतंत्र के खिलाफ है, इसे जनता स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने कहा, वन नेशन वन इलेक्शन भाजपा का जुमला बन गया है। लोकसभा चुनाव के पहले से वन नेशन वन इलेक्शन का दावा इनके द्वारा किया जा रहा था, वे चुनाव अब संपन्न हो गए हैं। भाजपा को पूर्ण बहुमत नहीं मिला। अभी हरियाणा और जम्मू कश्मीर में चुनाव हो रहा है, भाजपा को दोनों राज्यों में करारी हार के संकेत मिल चुके हैं। भाजपा वन नेशन वन इलेक्शन का राग अलाप कर जनता को मूल मुद्दों से भटकाने का षड्यंत्र कर रही है।





### यह संभव नहीं : सिंहदेव



पूर्व उप मुख्यमंत्री व कांग्रेस नेता टीएस सिंहदेव ने कहा, आज के समय और संविधान के अंतर्गत यह संभव नहीं है। वन नेशन वन इलेक्शन लागू हो गया है। अब पूरे देश की विधानसभाओं और लोकसभा के एक साथ चुनाव होंगे। किसी राज्य या केंद्र की सरकार दो साल बाद गिर जाती है और यह सरकार पांच साल तक के लिए चुनी जाती है, इस स्थिति में वन नेशन वन इलेक्शन का क्या होगा? यह संभव ही नहीं है।

## शराब घोटाला : झारखंड के कारोबारियों पर अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य में दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाले की जांच कर रही ईओडब्ल्यू तथा एसीबी की टीम ने झारखंड के कुछ लोगों की संलिप्तता पाए जाने पर उनके खिलाफ भी अपराध दर्ज किया है। जांच एजेंसी ने घोटाले में शामिल झारखंड से जुड़े लोगों के खिलाफ षडयंत्र करने की धारा 120बी तथा ठगी करने की धारा 420 के तहत अपराध दर्ज किया है। सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसी ने शराब घोटाले के मामले में झारखंड के पूर्व शराब कारोबारियों के अलावा नेताओं के करीबियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।




## शासकीय हाई स्कूल दर्री की छात्राओं को दी गई साइकिल

**थानखम्हरिया।** शासकीय हाई स्कूल दर्री में निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के तहत वितरण सायकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष सरपंच तोरण यादव, उपसरपंच, हेमन्त साहू, नारायण राजपूत (अध्यक्ष), वासु बैस (वि.प्र.) पंच टेकराम साहू, रोहित साहू, कमलेश साहू, प्रभारी.प्रचार्य भवानी सिंह नेताम, प्रभारी प्रधान पाठक राजकुमार ध्रुवे, शिक्षक गोविंद् कुमार सोनकर् आदि उपस्थित रहे।

## छुट्टी देने वाले हेडमास्टर निलंबित, कलेक्टर के निर्देश पर डीईओ ने की कार्रवाई

**दुर्ग।** मुख्यालय से लगे ग्राम मोहलाई के प्राथमिक स्कूल में मंगलवार को हेडमास्टर रतीराम यादव द्वारा छुट्टी दिए जाने के मामले में कलेक्टर ने बुधवार को आयोजित टीएल की बैठक में डीईओ को कार्यवाही के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश पर डीईओ ने हेडमास्टर को निलंबित कर दिया है। हरिभूमि द्वारा बुधवार को इस मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद कलेक्टर ने मामले को लेकर गंभीरता दिखाई। उन्होने बुधवार को आयोजित टीएल की बैठक में हेडमास्टर पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## सरकारी हेल्थ सेंटरों से हटेंगे धन्वंतरी मेडिकल पहले चरण में 50 जन औषधि केंद्र खोलने की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ाने और बंद हो चुकी दुकानों को पुनः क्रियाशील करने पहले चरण में 50 केंद्र खोलने की तैयारी है। इसके लिए सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में चलने वाली धन्वंतरी योजना की दवा दुकानों को हटाने की तैयारी है। पहले फेज में मेडिकल कॉलेज, जिला अस्पताल तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की दुकानों को प्रारंभ किया जाएगा। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने राज्य में पांच सौ जनौषधि केंद्र खोलने के लिए तीन माह का वक्त तय किया है। इसके बाद से काम ने रफ्तार पकड़ ली है और पहले चरण में बंद पड़ी दुकानों को पुनः प्रारंभ कराने के साथ स्वास्थ्य केंद्रों में इसकी संख्या बढ़ाने की योजना पर काम किया जा रहा है। वर्तमान में पीएम जन औषधि केंद्र का संचालन रायपुर और बिलासपुर के शासकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में किया जा रहा है, जबकि इसकी स्वीकृति अंबिकापुर, कोरबा, महासमुंद तथा कांकेर में भी दी गई है। जिन चिकित्सा महाविद्यालयों में इसकी शुरुआत नहीं हो पाई है, उसके कारणों को जानकर उन्हें पुनः प्रारंभ करने की तैयारी है। इसके अलावा राज्य के सभी जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में इसे शुरू करने की योजना थी, मगर इस स्तर पर आधा दर्जन स्वास्थ्य केंद्रों से ही मरीजों को सस्ते में दवा मिल पाती हैं। सूत्रों का कहना है कि केंद्र सरकार के सरकारी अस्पताल के डाक्टरों को इस बात के स्पष्ट निर्देश हैं कि वे जेनेरिक दवा लिखें। ऐसे में हेल्थ सेंटरों में ब्रांडेड दवा बेचने वाली धन्वंतरी योजना की दवा दुकानों को भी हटाने की तैयारी की जा रही है।




### जिला स्तर पर कर रहे संपर्क

जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ाने के लिए जिला स्तर पर स्वास्थ्य अधिकारियों से संपर्क किया जा रहा है। प्रथम चरण में 50 दुकानों को प्रारंभ करने की योजना है।

- अनीश वोडितेलवार राज्य समन्वयक, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र

### केवल 56 केंद्र क्रियाशील

राज्य में जब प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोले गए थे, तब उनकी संख्या दो सौ के करीब थी, फिर विभागीय उदासीनता के चलते इनकी संख्या कम होने लगी। वर्तमान में राज्य में 155 जनौषधि केंद्र स्वीकृत हैं, इनमें से केवल 56 ही क्रियाशील हैं, बाकी या तो बंद हो चुके हैं अथवा निष्क्रिय हैं। इनमें कई निजी सेक्टर के जन औषधि केंद्र शामिल हैं।

### निजी सेक्टरों के लिए आवेदन

70 से 90 प्रतिशत तक कम कीमत पर दवा उपलब्ध कराने वाले जनौषधि केंद्र निजी रूप से भी खोले जाने की तैयारी है। इसके लिए तमाम जिलों के सीएमएचओ को आवेदन लेने के लिए शासन स्तर पर पत्र जारी किया गया है। जनौषधि केंद्र खोलने के लिए लोग व्यक्तिगत के साथ संस्थाओं की ओर से भी दवा दुकान संचालित करने का आवेदन दे रहे हैं।

## जातिगत सर्वे आदेश के विरोध में उतरे बीएलओ, कहा- हमारा काम नहीं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिलेभर के बीएलओ बुधवार को प्रशासन द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग जाति का सर्वे करने संबंधी आदेश के विरोध में उतर आए। बीएलओ संघ ने कलेक्टोरेट पहुंचकर प्रशासन के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। इसमें यह मांग की गई कि सर्वे करना हमारा काम नहीं है। यह काम नगर निगम, जिला और जनपद पंचायत का है। नगरीय निकाय एवं त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव होने के पूर्व छत्तीसगढ़ में अन्य पिछड़ा वर्ग जाति का सर्वे कराया जा रहा है। रायपुर जिले में इस काम की जिम्मेदारी प्रशासन ने बीएलओ को दी है। इसके तहत बीएलओ को घर-घर जाकर एच2एच, डीएसई और ओबीसी सर्वे का कार्य करना है, जिसमें 54 बिंदुओं पर जानकारी एकत्र की जानी है। बीएलओ संघ प्रशासन के इस आदेश के विरोध में उतर आया है।

### बिना पूर्व सूचना के कोई नहीं देता व्यक्तिगत जानकारी

ज्ञापन के जरिए बीएलओ ने सर्वे में आने वाली दिक्कतों के बारे में भी प्रशासन को अवगत कराया है। उनका कहना है कि ओबीसी सर्वे जातिगत सर्वे है, जिसमें व्यक्ति या परिवार की अत्यंत ही व्यक्तिगत जानकारियां ली जानी हैं। ऐसे में बिना पूर्व सूचना के कोई भी व्यक्ति इसकी जानकारी नहीं देता है। सर्वे कराने से पहले इसका प्रचार-प्रसार होना चाहिए।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**



## राज्यपाल रमेन डेका से शिवम ने की मुलाकात

**बेमेतरा।** बुधवार बेमेतरा के जनसेवक शिवम तिवारी ने रायपुर स्थित राजभवन में राज्यपाल रमेन डेका से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने बेमेतरा जिले की भौगोलिक स्थिति के बारे में जानकारी दी। श्री तिवारी ने राज्यपाल को बेमेतरा जिला आने के लिए आमंत्रित किया है।

## अभा छत्तीसगढ़ी महासभा के जिलाध्यक्ष बने लाला

**बेमेतरा।** अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा ने बेमेतरा के



कार्यकारिणी की घोषणा की है। बेमेतरा जनपद सभापति लाला भारती को जिला अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है, वहीं पूर्व जनपद अध्यक्ष रेवती साहू को महिला इकाई का जिला अध्यक्ष मनोनीत कर उनके साथ नांदघाट की बेला सोनी को सचिव की जवाबदारी दी गई है। साजा विधानसभा के अध्यक्ष के तौर पर सामाजिक कार्यकर्ता भुनेश्वर चंद्राकर की नियुक्ति हुई है। अपनी नियुक्ति पर महासभा के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष लाला भारती ने संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी और प्रदेश अध्यक्ष रितेश शर्मा का आभार व्यक्त किया है। महिला इकाई की नवनियुक्त अध्यक्ष रेवती साहू ने कहा कि जिले में छत्तीसगढ़ी महिलाओं के आर्थिक और शैक्षणिक तौर पर सशक्त बनाने पर उनका जोर रहेगा। भुनेश्वर चंद्राकर ने साजा विधानसभा में संगठन से अधिकाधिक लोगों को जोड़कर महासभा को मजबूत बनाने का भरोसा दिलाया।

## कटर से हमला करने वालों का निकाला जुलूस, दो गिरफ्तार

**भिलाई।** गणेश पंडाल के पास शराब पीने को लेकर हुए झगड़े में कटर चलाने वाले आरोपियों को वैशाली नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 109, 118(1), 118(2) 351(2), 296, 3(5) बी.एन.एस के तहत जुर्म दर्ज किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों का बुधवार को जुलूस निकाला। आरोपियों को कान पकड़वाकर कटर चलाना पाप है पुलिस हमारा बाप है का नारा भी लगवाया गया। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि तीन दिन पहले परदेशी चौक स्थित गणेश पंडाल के पास कटर चलाने वाले आरोपी परदेशी चौक राम नगर निवासी संजू उर्फ शुभम यादव और यूसूफ खान को पकड़ा गया। जुलूस निकालकर आरोपियों से कान पकड़कर अपने किए की माफी मांगी। आरोपियों को देखने सड़क किनारे लोगों की भीड़ लगा रहा। आरोपियों के कई मामले में पुलिस थाने में दर्ज है। थाना प्रभारी ममता अली शर्मा ने बताया कि आरोपियों द्वारा दहशत का माहौल बनाना चाह रहे थे। इस कारण उनका सिर मुंडवा कर जुलूस निकाला गया। इससे लोगों के बीच उनका आतंक और भय कम हुआ है। आरोपियों को पैदल घूमा कर लोगों के बीच संदेश दिया कि जो भी अपराध करेगा पुलिस उसे नहीं छोड़ेगी।

### विघ्नहर्ता श्री गणेश जी की विसर्जन झांकी निकाल कर विदाई देने का सिलसिला जारी

# शोभायात्रा निकालकर किया गया गणपति की प्रतिमाओं का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नारायणपुर

नारायणपुर सहित क्षेत्र में गणेशोत्सव का अनंत चतुर्दशी पर हवन-पूजन के साथ समापन हुआ। क्षेत्र में कई जगहों पर विराजमान भगवान श्री गणेश जी का सोमवार को हवन पूजन कर मंगलवार को विसर्जन कार्यक्रम हुआ। विसर्जन जुलूस में पारंपरिक रूप से ढोल नगाड़े बैंड बाजे एवं सेवा जसगीत हरि कीर्तन, मंडलों के वाद्य यंत्र के साथ विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। लोगों ने नाचते गाते हुए शोभायात्रा निकाली।

गणेश समितियों द्वारा क्षेत्र में गणेश मूर्ति का विसर्जन जुलूस लोगों के लिए दर्शनीय रहा। उनके द्वारा गांव से बुलाई गई भजन कीर्तन मंडलियों की आकर्षक वेशभूषा के साथ भगवान गणेश जी की विसर्जन शोभायात्रा ने लोगों का मन मोह लिया। विभिन्न स्थानों पर गणेश उत्सव के साथ-साथ लोगों द्वारा अपने अपने घरों व निवास में बिठाये गये गणेश प्रतिमाओं को भावपूर्ण विदाई देते हुए गांव के गलियों में भ्रामण कर तालाबों में विसर्जन किया गया। जहां श्रद्धालुओं ने नमः आंखों से गणपति बप्पा को विदाई देते हुए अगले बरस तू जल्दी आ कर जय कारा लगाते हुए भगवान श्री गणेश की प्रतिमाओं का विसर्जन किया।



## संडी में भगवान विश्वकर्मा व गणेश प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन



**बेरला/कोदवा।** ब्लॉक बेरला के ग्राम संडी में भगवान विश्वकर्मा व गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन धूमधाम से किया गया। गांव में बप्पा व विश्वकर्मा की विसर्जन को लेकर बड़े उत्साह व श्रद्धा का वातावरण छाया रहा। सुबह से ही भगवान गणेश व विश्वकर्मा की मूर्ति प्रतिमा पंडाल से निकालने के बाद ग्राम की गलियों शोभायात्रा निकाली गई। सेवा गीत व बाजे-गाजे झांझ मंझिरा सहित वाद्य यंत्रों के साथ भगवान गणेश व विश्वकर्मा के जयकारे लगाते हुए भ्रमण किया गया। साथ ही माताओं व बहनों ने आरती की थाल लिए भगवान की इंतजार किया। घर के सामने आते ही आरती पूजा कर पुष्प व श्रीफल चढ़ाया और भक्त को प्रसाद वितरण किया। ऐसे ही विदाई के साथ धीरे-धीरे चलते रहे। साथ ही बच्चे, नवजवान, युवक-युवती व बड़ों वाद्य यंत्रों की धुन पर थिरकते रहे। वहीं, झूमते-नाचते शोभायात्रा निकाल कर गांव के समीप तालाब में विसर्जन किया गया। साथ ही नम आंखों से विदाई दी गई।

## भगवान विश्वकर्मा की जयंती मनाई गई

अंचल में भगवान विश्वकर्मा की जयंती भी धूमधाम से मनाई गई। जहां सुबह से ही लोग देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना में कारीगर, मिस्त्री श्रमिक लोग जुटे रहे। औद्योगिक संस्थानों के साथ-साथ गांवों में भी भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित की गई, जहां श्रद्धालुओं द्वारा दिन भर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राज मिस्त्री, मशीन चालक,बढई आदि कारीगरी के काम करने वाले श्रमिकों ने सामूहिक रूप से भगवान श्री विश्वकर्मा जी की मूर्ति स्थापित कर जयंती धूमधाम से मनाई। दूसरे दिन भगवान श्री विश्वकर्मा जी की प्रतिमा का विसर्जन किया गया।

## पितृपक्ष प्रारंभ, पितरों के नाम पर दान, तर्पण और श्राद्ध

नगर सहित क्षेत्र व गांव में पित्त पक्ष का प्रारंभ बुधवार से चालू हो गया है। यह पखवाड़े भर चलने के बाद 2 अक्टूबर को पित्र श्राद्ध मानने के साथ खत्म हो जाएगा। इस दौरान हिन्दू धर्म को मानने वाले लोग अपने-अपने दिवंगत पूर्वजों को पितरों के रुप में याद कर उनका तर्पण करेंगे।

# नेशनल लोक अदालत कल तैयारियों को लेकर प्रधान जिला न्यायाधीश ने ली बैठक




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

आगामी नेशनल लोक अदालत का आयोजन 21 सितम्बर को होना है। नेशनल लोक अदालत के सफल आयोजन के संबंध में बृजेन्द्र कुमार शास्त्री, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा की अध्यक्षता में व उमेश कुमार उपाध्याय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, की उपस्थिति में जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष प्रणीश चौबे, पी गोवर्धन, नरेश तिवारी, गिरीश शर्मा, विनय किशोर सिंह एवं अन्य अधिवक्ता के साथ बैठक ली।

उक्त बैठक में प्रधान जिला न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत में ना किसी की हार, ना किसी की जीत होती है। सौहाद्रपूर्ण तरीके से पक्षकारों के मध्य आपसी राजीनामा कर प्रकरण का निराकरण करने में अधिवक्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान होता है। अधिवक्ताओं से सतत रूप से प्रकरणों का पर्यवेक्षण कर अधिक से अधिक राजीनामा प्रकरणों का निराकरण करने में सहयोग करने कहा गया। प्रधान जिला न्यायाधीश ने यह भी कहा कि लोक अदालत में प्री-लिटिगेशन प्रकरण में बीएसएनएल, विद्युत विभाग, नगर पालिका, बीमा कंपनी, बैंक से संबंधित प्रकरण निराकरण के साथ-साथ चेक बाउंस के प्रकरण, भरण पोषण एवं राजीनामा योग्य दांडिक प्रकरणों का निराकरण किया जाना है। तहसील न्यायालय में पैरवी करने वाले अधिवक्ताओं से खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे के मामले, वारिसों के मध्य बंटवारे विक्रय पत्र, दान पत्र, वसीयतनामा आदि के आधार पर नामांतरण के मामले आदि का निराकरण नेशनल लोक अदालत में करने पर चर्चा की गई। उक्त नेशनल लोक अदालत पुरे देश में आयोजित किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत जिला न्यायालय बेमेतरा के साथ-साथ तालुका न्यायालय साजा में भी आयोजित की जायेगी। पूर्व के नेशनल लोक अदालत के भांति इस बार भी अधिक से अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया जाना है ।

# सिख समाज ने कलेक्टर-एसपी से की भेंट, सूर्या सिंह पर कार्रवाई की मांग की




**बेमेतरा।** क्रांति सेना संगठन सूर्या सिंह चौहान पर कड़ी कारवाई करने की मांग को लेकर सिख समाज के प्रतिनिधि मंडल गुरुवार कलेक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान सिख समाज ने आरोप लगाया कि सिख समाज के युवा व पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा के काफिले पर हमला किया गया एवं उसी रात अन्य जिलों से व्यक्तियों को एकत्र कर सिक्ख समाज के व्यवसायी हर्षित सलूजा की गाड़ी में पथराव कर उसे घायल कर दिया गया। इसकी सर्व समाज द्वारा बेमेतरा थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई। लेकिन, घटना को 3 दिन बीत जाने के बाद भी गिरफ्तारी नहीं की गई। समाज के प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि सूर्या सिंह चौहान द्वारा लगातार सिक्ख समाज और अन्य समाजों को परदेशिया, बाहरी व्यक्ति और सामाजिक भेदभाव सूचक शब्दों का प्रयोग सोशल मीडिया प्लेटफार्म में किया जाता रहा है, जिसका सभी समाजों ने और शहर के व्यवसायियों ने कड़ा विरोध किया। सिक्ख समाज के पदाधिकारियों ने कलेक्टर और एसपी से जिलाबदर की कारवाई किए जाने की मांग की।

ज्ञापन सौंपने के दौरान सिख समाज से अनिल छाबड़ा, मिंटू चावला, मंजीत सिंह, जसवीर गुंबर, दिलीप सलूजा, जोगेंद्र छाबड़ा, निलेश सलूजा पुष्पराज गुंबर, इंदर दत्ता, अशोक सलुजा जगजीत सिंह, प्रीतपाल सिंह, रॉबिन खनूजा मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने सुनी नागरिकों की समस्याएं



**बेमेतरा।** गुरुवार को पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने उनके कार्यालय में पहुंचे जिले के अलग-अलग क्षेत्र से आए नागरिकों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं। इसके साथ ही उन्होंने उनकी समस्याओं का समाधान भी किया। श्री साहू ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायत का त्वरित निराकरण करने निर्देश दिये। इस दौरान स्टेनो सउनि (अ) अजय कुमार देवांगन, एसपी रीडर सउनि विष्णु सप्रे, डीएसबी प्रभारी प्रधान आर.ऐश्वर्य सिंह सहित पुलिस के अन्य स्टॉफ उपस्थित रहे।

# सेवा पखवाड़े के तहत भाजपा ने जिला अस्पताल में लगाया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी सेवा पखवाड़ा के तहत जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन विधानसभा प्रभारी एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा के नेतृत्व में किया गया। मुख्य अतिथि विधायक दीपेश साहू ने रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। इस दौरान जिला संयोजक टार्जन साहू, सदस्य अजय साहू भी उपस्थित रहे।

इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कहा कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के रूप में नहीं, बल्कि प्रधान सेवक के रूप में जनता के बीच कार्य कर रहे हैं। सेवा, संकल्प और समर्पण के साथ सबका साथ, सबका विकास




और सबका विश्वास, इस अद्भुत विचार के साथ लगातार देश की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है और इस दान में अधिक से अधिक संख्या में युवा साथियों को शामिल होकर सहभागिता बढ़ाने की अपील की। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा,युवा मोर्चा जिला जिलाध्यक्ष परमेश्वर वर्मा, शहर मण्डल अध्यक्ष मोंटी साहू, धर्मेंद्र साहू, डॉ विनय साहू,तारण साहू, प्रवीण नीलू राजपूत पार्षद, निखिल साहू, नीतू कोठारी, दीनानाथ साहू, गोपी देवांगन, ओमकार साहू, टिकेंद्र साहू,राजीव तम्बेली, पिंकी नेमा गुप्ता, सहित सिविल सर्जन डॉ चुरेंद्र सिँह, जनप्रतिनिधि अधिकारी कर्मचारी, नर्सिंग स्टॉफ उपस्थित रहे।

## हत्या का प्रयास, पति को 7 साल की सजा

**भिलाई।** पत्नी की हत्या करने की नीयत से धारदार चाकू से मारने के आरोपी पति को दुर्ग कोर्ट ने सात साल कारावास और एक हजार रुपए अर्थदंड की सजा दी है।अष्टम अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत ने यह सजा आरोपी चुनकट्टा मुड़पार निवासी शशिकांत बघेल को दी। लोक अभियोजन प्रदीप नेमा के मुताबिक घटना 2 मई 2022 की है। आरोपी शशिकांत बघेल की पत्नी रेखा बघेल को रात करीब 10 बजे अपने बाड़ी के शौचालय में जा रही थी। इसी दौरान आरोपी पति शशिकांत धारदार हथियार चाकू लेकर पीछे से पहुंचा और मारने की कोशिश की। रेखा के कान और कंधे पर चाकू लगा था। आरोपी पति अपनी पत्नी पर चरित्र शंका करता था।

### डाइट में किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

# विज्ञान विषय के शिक्षकों को प्रायोगिक कार्य के साथ दिया जा रहा है प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले के सबसे बड़े शिक्षा संस्थान जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान बेमेतरा में तीन दिवसीय विज्ञान प्रशिक्षण के द्वितीय चरण में दूसरे दिन बेरला व बेमेतरा विकासखंड के 105 विज्ञान शिक्षक सम्मिलित हुए। इस वर्ष को शिक्षा गुणवत्ता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है इसी कारण से डाइट में विषय वार गुणवत्ता युक्त प्रशिक्षण दिया जा रहा है। विज्ञान प्रशिक्षण की विशेषता यह है कि इसमें प्रायोगिक कार्य के साथ गुणवत्ता युक्त प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सभी प्रतिभागियों को समूह में बाँटकर उन्हें टास्क दिया जा रहा है। इन सब प्रायोगिक कार्य को



यहां से सीख कर अपनी अपनी कक्षा में बच्चों के बीच प्रदर्शन करना है।

डाइट प्राचार्य बेमेतरा जेके घृतलहरे, जीएल खुटियारे, नोडल अधिकारी डाइट बेमेतरा व्याख्याता कीर्ति घृतलहरे, मास्टर ट्रेनर्स मंजू साहू, शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मटका, केजहा राम निषाद शासकीय हाई स्कूल करंजिया नवागांव एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से श्रेया दुबे ने विभिन्न बिंदुओं पर प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दूसरे दिवस में रसायन शास्त्र पर चर्चा हुई एवं सभी शिक्षकों को 10 समूह में बांटा गया। प्रशिक्षण में एनएपी 2020, राष्ट्रीय पाठ्यचर्या, लर्निंग आउटकम्स अवधारणा, पिनहोल कैमरा निर्माण, विज्ञान की प्रकृति इत्यादि विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। मास्टर ट्रेनर्स मंजू साहू ने रासायनिक अभिक्रिया का के प्रकारों, प्लास्टिक की पतली नली व विभिन्न रंग के क्ले की सहायता से मूर्त मॉडल बनाना, समीकरण संतुलन करना, विभिन्न उदाहरण, समूह गतिविधि के माध्यम से, स्वयं करके सिखने की जानकारी दी। कक्षा छठवीं से आठवीं तक विभिन्न प्रकार की गतिविधियों प्रयोग के माध्यम से लर्निंग आउटकम्स को प्राप्त करना मुख्य उद्देश्य है।

# एक देश एक चुनाव, भारत के लिए ऐतिहासिक कदम : डॉ निर्वाणी

**बेमेतरा।** वन नेशन वन इलेक्शन को मोदी कैबिनेट द्वारा मंजूरी के बाद अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने इसे ऐतिहासिक कदम बताया है। डॉ निर्वाणी ने कहा कि भारत जैसे विश्व के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के लिए मोदी सरकार का ऐतिहासिक कदम, लगातार पूरे पाँच वर्ष तक देश मे किसी न किसी राज्य में कोई न कोई चुनाव चलते ही रहता है। एक राष्ट्र एक चुनाव के बाद चुनावों में होने वाले सैकड़ों करोड़ों की बचत होगी। लगने वाले मानव संसाधन प्रसाशनिक महकमे के समय और ऊर्जा की बचत होगी। इसके साथ ही डॉ निर्वाणी ने दावा किया है कि इस निर्णय के बाद फर्जी वोटिंग और फर्जी मतदान की घटना पर पूर्ण रूपेण



अंकुश लग जाएगा। जुगाड़ और पैसों के बल पर चुनाव जीतने वाले इस निर्णय से जरूर नाखुश हो सकते हैं, क्योंकि ऐसे दल बड़ी संख्या में आस पास के राज्यों और जिलों के मतदाताओं को अपने विधानसभा, लोकसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में जुड़वा कर फर्जी मतदान के सहारे सदन में पहुंच जाते थे। अब ऐसे नेताओं और उनके दलों के पेट में दर्द जरूर होगा और वो मोदी कैबिनेट के निर्णय के विरोध में सड़क से लेकर सदन तक रोना रोएंगे। महासभा के थलेश झरिया, लाला भारती, जनार्दन जायसवाल, दिव्या सिंह, वनकेश्वर साहू, आरती शास्त्री, रितेश चंद्रवनशी, टीकाराम साहू व विक्कू शुक्ला ने भी निर्णय का स्वागत किया है।

### पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र ने लोगों से की भाजपा से जुड़ने की अपील

# शहर के वार्ड क्रमांक 1 में चला भाजपा का सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने बेमेतरा के वार्ड न 1 में जाकर वहां के निवासियों को भारतीय जनता पार्टी का ऑनलाइन एवं ऑफलाइन सदस्य बनाया। बेमेतरा जिला में भाजपा का सदस्यता अभियान जोरों पर है।

भाजपा का हर कार्यकर्ता ज्यादा ज्यादा से लोगों को पार्टी का सदस्य बनाकर विचारधारा से जोड़ना चाह रहा है। पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने बताया कि भाजपा सदस्य संख्या के मामले में विश्व में सबसे बड़ी पार्टी है। पार्टी समय समय में सदस्यता अभियान चलाकर आम जनता को पार्टी की विचारधारा से जोड़ने का कार्य करती है। भाजपा



का उद्देश्य सदस्य संख्या बड़ाकर सत्ता प्राप्त करना ही नहीं है बल्कि पार्टी सामाजिक और रचनात्मक कार्य भी करना है। भारत देश का गौरव बड़ाने लोगो में राष्ट्रवाद की भावना जागृत करने का भी काम भाजपा पार्टी का है। राजेंद्र शर्मा ने कहा कि हम पार्टी ही नहीं परिवार भी चलाते हैं। हमारे लिए पार्टी एक परिवार की तरह है। शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं को इस अभियान से जुड़कर ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने की बात कही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता आज पूरे विश्व में चरम पर है तीसरी बार भाजपा की सरकार कारकर्ताओ की मेहनत एवम मोदी सरकार के दो बार के कार्यकाल की उपलब्धि रही है। राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा की विष्णुदेव की सरकार कल्याणकारी कार्य कर रही है, जिससे प्रभावित होकर लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाएं सदस्यता अभियान में बड़ चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं।

**प्रत्येक बूथ में 200 सदस्य बनाने का लक्ष्यः** मंडल अध्यक्ष मोंटी साहू ने कहा कि शहर के प्रत्येक बूथ में 200 सदस्य अनिवार्य रूप से बनाना है, इसके लिए पदाधिकारियों को जवाबदारी दी गई है। सदस्यता अभियान में पार्षद लक्ष्मी लहरे, तारण राजपूत जिला महामंत्री युवा मोर्चा, गोपी देवांगन, अनिल रजक, युवा मोर्चा अध्यक्ष धर्मेंद्र साहू, यशवंत लहरे, अजय वर्मा, गोपी वर्मा, सूरज वर्मा, मिलन वर्मा, सुनीता वर्मा, कार्तिक बंजारे,ओमप्रकाश बंजारे , घनश्याम वर्मा, नरेश धीमर, विनोद यादव उपस्थित थे।

